# 17 1857 की क्रांति के बाद सुधारों और राजनीतिक चेतना का काल

1. आन प्रथा को समाप्त करने के विरोध में 30 मार्च, 1864 को निम्न में से किसके नेतृत्व में कैप्टन ईडन के निवास के सामने हड़ताल व प्रदर्शन किया गया?
(1) चंपालाल (2) पंडित मनफूल
(3) मोतीचंद (4) पंडित ज्वाला प्रसाद (1)

**व्याख्या–** मेवाड़ के महाराणा के प्रति ली जाने वाली स्थायी भक्ति की शपथ ही 'आन प्रथा' कहलाती थी। 23 सितम्बर, 1863 ई. में ब्रिटिश सरकार के आदेश से इसे बंद कर दी गयी।

2. राजस्थान में डाकन प्रथा पर सर्वप्रथम रोक किस रियासत में लगाई गई?
(1) जोधपुर (2) कोटा
(3) बूँदी (4) उदयपुर (4)

**व्याख्या–** डाकन प्रथा का सर्वाधिक प्रचलन भील जनजाति में था। इस प्रथा पर सर्वप्रथम रोक मेवाड़ भील कोर के तत्कालीन कमांडेट जे. सी. ब्रुक के प्रयासों से 1853 ई. में उदयपुर रियासत के महाराणा स्वरूप सिंह ने लगाई थी।

3. राजस्थान का पहला पाक्षिक पत्र 'सज्जन कीर्ति सुधाकर' प्रकाशित हुआ?
(1) उदयपुर (2) जयपुर
(3) कोटा (4) अजमेर (1)

4. वैदिक यंत्रालय प्रेस की स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा निम्नलिखित में से किस स्थान पर की गई?
(1) जयपुर (2) बीकानेर
(3) उदयपुर (4) अजमेर (4)

5. महाराजा जसवंत सिंह द्वितीय की वेश्या नन्ही जान द्वारा विष देने के कारण दयानंद सरस्वती की मृत्यु निम्न में से किस शहर में हो गई थी?
(1) जोधपुर (2) अजमेर
(3) उदयपुर (4) अलवर (2)

**व्याख्या–** जोधपुर में भरी सभा में स्वामी जी ने वेश्यागमन के दोष बतलाए और महाराजा जसवंत सिंह को वेश्या नन्ही जान के प्रति आसक्ति के लिए फटकार लगाई तब नन्हीं जान ने रसोइये गौड़ मिश्र की सहायता से स्वामी जी को विष दिलवा दिया।

6. अंग्रेजी साप्ताहिक अखबार 'राजस्थान टाइम्स' का प्रकाशन 1885 ई. में निम्न में से किस स्थान से हुआ?
(1) जयपुर (2) अजमेर
(3) उदयपुर (4) कलकत्ता (2)

7. अजमेर में डिग्री कॉलेज की स्थापना कब की गई, जो राजस्थान का प्रथम डिग्री कॉलेज था?
(1) 1889 (2) 1879
(3) 1869 (4) 1779 (3)

**व्याख्या–** 1836 ई. में अजमेर में प्रथम सरकारी स्कूल खोला गया, लेकिन 1843 ई में आर्थिक कारणों से यह बंद हो गया इसके बाद 1846 ई. में पुन: सरकारी स्कूल खोला गया, जिसे 1869 में डिग्री कॉलेज बना दिया।

8. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| घटना | संबंधित क्रान्तिकारी |
|---|---|
| A. महंत प्यारेलाल हत्याकाण्ड | i. केसरी सिंह बारहठ |
| B. लॉर्ड हॉर्डिंग बमकाण्ड | ii. रास बिहारी बोस |
| C. निमेज हत्याकाण्ड | iii. ज्वाला प्रसाद |
| D. डोगरा गोलीकाण्ड | iv. मोतीचंद |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | i | iii | iv | ii |

(1)

9. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| (शिक्षण संस्थान) | (स्थान) |
|---|---|
| A. एल्गिन राजपूत स्कूल | i. जयपुर |
| B. वाल्टर नोबल्स स्कूल | ii. अजमेर |
| C. मेयो कॉलेज | iii. बीकानेर |
| D. महाराजा कॉलेज | iv. जोधपुर |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | iii | iv | ii | i |

(1)

10. अजमेर में गवर्मेन्ट कॉलेज के छात्रों द्वारा कॉंग्रेस कमेटी की स्थापना कब की गई थी, जिसके फलस्वरूप राजस्थान में पत्रकारिता का जन्म हुआ?
(1) 1885 (2) 1873
(3) 1881 (4) 1887 (4)

11. राजस्थान में सशस्त्र क्रांति के जनक माने जाते हैं?
(1) अर्जुनलाल सेठी (2) मघाराम वैद्य
(3) गोपाल सिंह खरवा (4) अमरचंद बांठिया (3)

12. निम्न में से किस पॉलिटिकल एजेंट के सुझाव पर बीकानेर में एक 5 सदस्यीय परिषद् की स्थापना की गई?
(1) सर वाल्टर (2) कैप्टन ब्रेडफोर्ड
(3) कर्नल ईडन (4) सर एल्गिन (2)

**व्याख्या–** महाराज सरदार सिंह के समय बीकानेर राज्य की प्रशासनिक और सामाजिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई थी। राज्य के दीवान पंडित मनफूल पर भी महाराजा का विश्वास नहीं रहा और जागीरदार भी प्रशासनिक व्यवस्था का विरोध कर रहे थे। ऐसी स्थिति में कैप्टन ब्रेडफोर्ड के सुझाव पर महाराजा को शासन संचालन में परामर्श देने के लिए एक पांच सदस्य की परिषद् की स्थापना की गई थी।

13. प्रिंस ऑफ वेल्स (एडवर्ड तृतीय) ने भारत यात्रा कब की थी, जिसमें कोटा महाराव को छोड़कर राजस्थान के सभी राजा-महाराजा उसके स्वागत समारोह में शामिल हुए थे?
(1) 1877　　(2) 1870
(3) 1871　　(4) 1875　　(4)

**व्याख्या–** प्रिन्स ऑफ वेल्स के स्वागत सत्कार के लिए राजस्थान के राजा-महाराजाओं में आपसी होड़ होने लगी। कोटा के महाराव के अलावा राजपूताना के सभी राजाओं को स्वागत सत्कार के लिए आमंत्रित किया गया था।

14. निमेज हत्याकाण्ड (1913) में विष्णुदत को आजीवन कारावास की सजा दी गई, जबकि इनके किस एक साथी को फाँसी की सजा दी गई थी?
(1) अर्जुन लाल सेठी　　(2) मोतीचंद
(3) रास बिहारी बोस　　(4) ईश्वर दान आशिया　　(2)

**व्याख्या–** निमेज हत्याकाण्ड 20 मार्च, 1913 को हुआ, जिसमें महन्त व उसके नौकर की हत्या कर दी गई, इस हत्याकाण्ड के लिए अर्जुनलाल सेठी ने स्कूल के शिक्षक विष्णुदत्त व छात्र माणकचंद, मोतीचंद, जोरावर सिंह व जयचंद को नियुक्त किया गया था।

15. राजस्थान में कन्या वध पर सर्वप्रथम रोक ब्रिटिश पॉलिटिकल एजेंट विल्किन्सन के प्रयासों से 1833 में कोटा में किस महाराव के शासनकाल में लगाई गई थी?
(1) महाराव भीमसिंह　　(2) महाराव रामसिंह
(3) महाराव उम्मेदसिंह　　(4) महाराव किशोर सिंह　　(2)

16. बीकानेर में सर्वप्रथम अंग्रेजी स्कूल कब खोला गया, जिसे बाद में 'डूँगर इंटरमिडियट कॉलेज' बना दिया गया था?
(1) 1772　　(2) 1885
(3) 1785　　(4) 1872　　(2)

**व्याख्या–** बीकानेर रियासत में 1885 ई. में प्रथम अंग्रेजी स्कूल खोला गया इसे बाद में हाइ स्कूल तथा उसके बाद इस स्कूल को डूंगर इंटरमीडियट कॉलेज बना दिया था।

17. जयपुर के किस शासक के शासनकाल में यहाँ महाराजा स्कूल की स्थापना की गई?
(1) सवाई मानसिंह द्वितीय　　(2) सवाई जयसिंह तृतीय
(3) सवाई रामसिंह द्वितीय　　(4) सवाई प्रताप सिंह　　(3)

**व्याख्या–** महाराजा स्कूल की स्थापना 1845 ई. में हुई थी।

18. हरविलास शारदा का संबंध किस जिले से है, जिनके प्रयासों से 1 अप्रैल, 1930 ई. में संपूर्ण भारत में बाल-विवाह प्रतिबंधित कर विवाह की उम्र (लड़का- 18, लकड़ी- 14) निर्धारित की गई थी?
(1) जयपुर　　(2) अजमेर
(3) उदयपुर　　(4) जोधपुर　　(2)

**व्याख्या–** इस कानून को 'शारदा एक्ट' के नाम से भी जाना जाता है।

19. जोधपुर राज्य द्वारा ब्रिटिश सरकार के साथ किस वर्ष नमक संधि की गई, जिसके तहत डीडवाना, पचपदरा व लूनी आदि नमक उत्पादन केन्द्र ब्रिटिश सरकार को पट्टे पर दे दिए गए?
(1) 1868　　(2) 1869
(3) 1870　　(4) 1871　　(3)

**व्याख्या–** जोधपुर के महाराजा तख्तसिंह के समय ब्रिटिश सरकार ने 1868 ई. में प्रत्यावर्तन संधि और 1870 ई. में नमक संधि की थी।

20. निम्नलिखित शिक्षण संस्थाओं को उनके स्थापना के कालक्रम के अनुसार चयन करें।
(1) मदरसा-ए-हुनरी, शम्भूरतन पाठशाला, महाराजा कॉलेज, वॉल्टर नोबल्स स्कूल
(2) वॉल्टर नोबल्स स्कूल, मदरसा-ए-हुनरी, शम्भूरतन पाठशाला, महाराजा कॉलेज
(3) महाराजा कॉलेज, वॉल्टर नोबल्स स्कूल, मदरसा-ए-हुनरी, शम्भूरतन पाठशाला
(4) महाराजा कॉलेज, मदरसा-ए-हुनरी, शम्भूरतन पाठशाला, वॉल्टर नोबल्स स्कूल　　(4)

**व्याख्या–** महाराजा कॉलेज की स्थापना 1845 ई., मदरसा-ए-हुनरी की स्थापना 1857 ई., शम्भूरतन पाठशाला की स्थापना 1863 ई., वॉल्टर नोबल्स स्कूल की स्थापना 1893 ई. में हुई थी।

21. निम्लिखित में से किस दरबार में राजस्थान के सभी राजाओं को अंग्रेजों द्वारा आयोजित उनकी हैसियत के अनुसार तोपों की सलामियाँ दी गई थी?
(1) लॉर्ड बैंटिक का अजमेर दरबार 1832
(2) लॉर्ड कर्जन का दिल्ली दरबार 1903
(3) लॉर्ड मेयो का अजमेर दरबार 1870
(4) लॉर्ड किटन का दिल्ली दरबार 1877　　(3)

**व्याख्या–** 22 अक्टूबर, 1870 को लॉर्ड मेयो ने अजमेर में एक दबार आयोजित किया, जिसमें राजपूताना के सभी राजाओं को बुलाया गया, किन्तु कोटा के महाराव को आमंत्रित नहीं किया गया था।

22. निम्नलिखित में से कौनसा कथन लॉर्ड मेयो के बारे में सत्य नहीं है?
(1) अजमेर दरबार 1870 के समय भारत के गवर्नर जनरल व वायसराय 'लार्ड मेयो थे।
(2) मेयो ने प्रत्येक राज्य में न्याय, शांति व्यवस्था तथा चहुंमुखी विकास पर बल दिया।
(3) मेयो के अजमेर दरबार 1870 में अंग्रेजों शिक्षा के लिए अजमेर में स्कूल की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया।
(4) 8 फरवरी, 1870 ई. में अजमेर जेल के कैदी शेर अली द्वारा 'लॉड मेयो' की हत्या कर दी गई।　　(4)

**व्याख्या–** लॉर्ड मेयो की हत्या 8 फरवरी, 1872 ई. को अण्डमान जेल में एक कैदी शेर अली द्वारा की गई थी।

23. किस दशक के मध्य राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर आर्य समाज की शाखाएँ खोली गई?
(1) 1870-1880　　(2) 1901-1910
(3) 1880-1890　　(4) 1875-1885　　(3)

24. विष्णु लाल पाण्ड्या द्वारा निम्न में से किस स्थान पर आर्य समाज की स्थापना की गई थी?
(1) जोधपुर (2) अजमेर
(3) मेवाड़ (4) सिरोही (3)

25. बीकानेर राज्य और ब्रिटिश सरकार के मध्य ........ में प्रत्यावर्तन संधि हुई तथा .......... में एक नमक समझौता हुआ, जिसके तहत ब्रिटिश सरकार को भेजे जाने वाले नमक पर लगने वाली चूंगी समाप्त कर दी गई?
(1) 1879, 1869 (2) 1880, 1881
(3) 1880, 1890 (4) 1869, 1879 (4)

26. लॉर्ड कर्जन का दिल्ली दरबार किस वर्ष आयोजित किया गया था?
(1) 1878 (2) 1875
(3) 1903 (4) 1883 (3)

**व्याख्या–** भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड कर्जन देशी रियासतों के राजा–महाराजाओं का सहयोग प्राप्त करने के लिए 1903 ई. में दिल्ली दरबार का आयोजन किया।

27. लॉर्ड बैंटिक का अजमेर दरबार के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें:
(A) लॉर्ड विलियम बैंटिक अजमेर आने वाला भारत का प्रथम गवर्नर जनरल था।
(B) लॉर्ड विलियम बैंटिक का अजमेर दरबार 1832 ई. में आयोजित हुआ।
(C) इस दरबार में जैसलमेर, बीकानेर व सिरोही के शासकों को आमंत्रित नहीं किया गया।
(D) इस समारोह में टोंक के नवाब अमीर खाँ, जयपुर के सवाई जससिंह तृतीय व उदयपुर के महाराणा जवानसिंह ने भाग लिया था।
निम्न में से कौनसा/कौनसे कथन सत्य नहीं है।
(1) सिर्फ A व B (2) सिर्फ D
(3) सिर्फ A व D (4) इनमें से कोई नहीं (4)

28. अनमेल विवाह और बाल विवाह निषेध अधिनियम सर्वप्रथम किस रियासत ने बनाया था।
(1) भरतपुर (2) जयपुर
(3) अलवर (4) कोटा (3)

29. निमेज हत्याकांड के बारे में असत्य कथन का चयन करें।
(1) यह हत्याकांड 20 मार्च, 1913 को हुआ था।
(2) इस हत्याकांड में महन्त व उसके नौकर भगवान दास की निमेज में हत्या कर दी थी।
(3) इस हत्याकांड में मोतीचंद को फांसी दी गई थी
(4) इस हत्याकांड में अर्जुनलाल सेठी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। (4)

**व्याख्या–** निमेज हत्याकांड में अर्जुनलाल सेठी को सबूत के अभाव में गिरफ्तार नहीं किया जा सका था।

30. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य नहीं है–
(1) बीकानेर में 1772 ई. में पहला सरकारी स्कूल तथा 1885 ई. में प्रथम अंग्रेजी स्कूल खोला गया।
(2) उदयपुर में महाराणा फतेह सिंह के काल में 1863 ई. में 'शम्भूरत्न पाठशाला' खोली गई बाद में इसका नाम 'महाराणा हाई स्कूल' रखा गया।
(3) राजस्थान में अंग्रेजी शिक्षा का प्रारम्भ जेवज केरी ने अजमेर क्षेत्र से प्रारंभ किया।
(4) डूँगर इंटरमिडियट कॉलेज' की स्थापना बीकानेर राज्य में की गई। (2)

**व्याख्या–** उदयपुर में महाराणा शम्भूसिंह के शासनकाल में 1863 ई. में 'शम्भूरत्न पाठशाला, खोली गई, जिसका नाम बाद में 'महाराणा हाई स्कूल' कर दिया गया था।

31. भारतीय राज्यों के साथ ब्रिटिश सरकार के सम्बन्धों के अध्ययन पर प्रकाश डालने वाली ''लॉर्ड हैंस्टिग्स एंड इंडियन स्टेट्स'' पुस्तक को किसने लिखा है?
(1) केसरीसिंह बाहरठ (2) मोहनसिंह मेहता
(3) वाल्टर (4) कर्नल लोच (2)

32. श्यामजी कृष्ण वर्मा के बारे में निम्नांकित में से कौनसे कथन सत्य है?
(i) उन्होंने अजमेर में वकालत की।
(ii) वे अजमेर म्युनिसिपल कमिटी के प्रथम निर्वाचित भारतीय चेयरमैन थे।
(iii) उन्होंने ब्यावर में कृष्णा कॉटन मिल की स्थापना में सहयोग किया।
(iv) उन्होंने मेवाड़ के महाराणा के सचिव के रूप में काम किया।
(1) i, ii व iii (2) ii, iii व iv
(3) ii व iii (4) उपुर्यक्त सभी (4)

33. भरतपुर रियासत में प्रथम अंग्रेजी स्कूल कब खोला गया था।
(1) 1840 (2) 1842
(3) 1844 (4) 1846 (2)

34. जोधपुर के धनिक साधु प्यारेलाल की हत्या कब व किसने की थी।
(1) 25 जून, 1910 को हीरालाल लाहिरी ने
(2) 25 जून, 1912 को हीरालाल कोठारी ने
(3) 25 जून, 1912 को हीरालाल लाहिरी ने
(4) 25 जून, 1911 को हीरालाल लाहिरी ने (3)

35. अजमेर में प्रथम सरकारी स्कूल कब खोला गया था?
(1) 1832 (2) 1834
(3) 1836 (4) 1844 (3)

**व्याख्या–** अजमेर में प्रथम सरकारी स्कूल 1836 ई. में खोला गया, लेकिन 1843 ई. में आर्थिक कारणों से ये बंद हो गया था।

36. अलवर रियासत के किस शासक ने सती प्रथा पर रोक लगाई थी?
(1) रामसिंह द्वितीय (2) विनय सिंह
(3) विष्णु सिंह (4) मानसिंह (2)

**व्याख्या–** अलवर के राजा विनय सिंह ने 1830 ई. में सती प्रथा पर रोक लगाई थी।

37. राजस्थान में सर्वप्रथम दास प्रथा पर रोक किस रियासत ने लगाई थी?
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) कोटा (4) उदयपुर (3)

**व्याख्या–** कोटा महाराव किशोर सिंह ने 1832 ई. में दास प्रथा पर रोक लगाई थी।

38. बीकानेर रियासत ने कन्या वध को किस वर्ष अवैध घोषित किया था?
(1) 1833 (2) 1834
(3) 1837 (4) 1839 (3)

39. श्यामजी कृष्ण वर्मा के बारे में असत्य कथन का चयन करें–
(1) इनका जन्म माण्डवी शहर (गुजरात) में हुआ
(2) यह अजमेर नगर समिति के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष थे।
(3) मुम्बई में आर्य समाज की स्थापना के समय ये इसके प्रथम सदस्य बने थे।
(4) इन्होंने ब्यावर में कृष्ण कॉटन मिल की स्थापना में मदद नहीं की थी। (4)

व्याख्या– श्याम जी कृष्ण वर्मा ने कृष्ण कॉटन मिल की स्थापना में मदद की थी।

40. जॉर्ज पंचम का दिल्ली दरबार कब आयोजित हुआ था?
(1) 1910 (2) 1911
(3) 1912 (4) 1913 (2)

व्याख्या– ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम एवं महारानी मैरी के भारत आगमन पर दिल्ली दरबार का आयोजन किया गया था।